# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE :- 19 AUGUST, 2025

# MCU NEWS

नईदुनिया

## एमसीयू में 20 अगस्त से तीन दिवसीय अभ्युदय समारोह

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का तीन दिवसीय सत्रारंभ समारोह 'अभ्युदय' 20 से 22 अगस्त तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 20 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा के अनावरण से होगी। दोनों अतिथि इस अवसर पर पौधारोपण भी करेंगे। डॉ. कुमार विश्वास रामायण में संचार विषय पर विशेष उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम के तीनों दिन मीडिया, पत्रकारिता, जनसंपर्क, डिजिटल मीडिया, सिनेमा, प्रबंधन, आईटी, साहित्य, संस्कृति और कानून से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा संवाद और व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन टाइम मैनेजमेंट गुरु विजय अग्रवाल, लेखक एन. रघुरामन, फिल्म निर्माता सुदीप सोहनी और आशीष कुलकर्णी अपने विचार साझा करेंगे। दूसरे दिन यशवंत व्यास 'मीडिया का भविष्य', कमल शर्मा व विनय उपाध्याय 'आवाज और संवाद कौशल' तथा डॉ. सच्चिदानंद जोशी पत्रकारिता, साहित्य और संस्कृति पर विचार रखेंगे। तीसरे दिन अनंत विजय फिल्म समीक्षा, विपुल के. रावल फिल्म लेखन, चिराग जैन कंप्यूटिंग और शिखा छिब्बर मीडिया कानून पर व्याख्यान देंगे। समापन सत्र में बृजेश सिंह और बालकृष्ण 'डिजिटल दौर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया' पर संवाद करेंगे। विश्वविद्यालय की पूर्व छात्राएं भी अपने अनुभव साझा करेंगी।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
DAINIK NAIDUNIA 19-08-2025

दैनिक भास्कर
भोपाल सिटी भास्कर 19-08-2025
NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL

अभ्युदय एमसीयू में 20 से कार्यक्रम

# कुमार विश्वास, मैनेजमेंट गुरु विजय के सेशन होंगे

सिटी भास्कर • माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) का नया शैक्षणिक सत्र 2025-26 तीन दिवसीय कार्यक्रम 'अभ्युदय' के साथ 20 अगस्त से शुरू होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मशहूर कवि डॉ. कुमार विश्वास परिसर में दादा माखनलाल की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि पौधारोपण भी करेंगे।

डॉ. कुमार विश्वास विद्यार्थियों को 'रामायण में संचार' विषय पर संबोधित करेंगे। समारोह में पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, सिनेमा, जनसंपर्क, विज्ञापन, प्रबंधन, आईटी, कानून और संस्कृति से जुड़े दिग्गज विशेषज्ञ छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। पहले दिन टाइम मैनेजमेंट गुरु विजय अग्रवाल, फिल्म मेकर सुदीप सोहनी, स्तंभकार एन. रघुरामन और आशीष कुलकर्णी सत्र लेंगे।

दूसरे दिन पत्रकार यशवंत व्यास, रेडियो उद्घोषक कमल शर्मा, कला समीक्षक विनय उपाध्याय, संस्कृतिविद डॉ. सच्चिदानंद जोशी और पीआर विशेषज्ञ समीर कपूर छात्रों से संवाद करेंगे। अंतिम दिन वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, फिल्म लेखक-निर्माता विपुल के. रावल, चिराग जैन, शिखा छिब्बर, बृजेश सिंह और बालकृष्ण चर्चा करेंगे। हर सत्र में एमसीयू की पूर्व छात्राएं भी अपने अनुभव साझा करेंगी।

# एमसीयू: फ्रंट पेज पर अनूठा शो- 'सौ साल, सौ सुर्खियां'

## दुर्लभ कवरेज में ताज़ा हो उठा मीडिया का इतिहास



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में नए सत्र में हिस्ट्री इन हैंडलाइंस 100 साल 100 सुर्खियां विषय पर अनूठी प्रदर्शनी शुरू हुई। सौ साल में देश की बड़ी घटनाओं के सौ फ्रंट पेज प्रदर्शित किए गए हैं। इसमें हैं जालियावाला बाग, भगतसिंह की फांसी, 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक के दुर्लभ कवरेज। अतिथि थे प्रसिद्ध चिंतक एवं ऑर्गेनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर, प्रदेश के चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ मुकेश मिश्र।

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 1920 से 2024 तक के प्रमुख समाचार पत्रों के 3 फीट आकार के फ्रंट पेज पूर्णतः पठनीय हैं. प्रदर्शनी में ब्रिटिश भारत में स्वाधीनता संघर्ष की घटनाओं सहित स्वाधीन भारत की प्रमुख घटनाओं जैसे 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति, गांधी जी की हत्या, भारत चीन युद्ध, भारत का चांद पर पहुंचना, आपातकाल जैसी महत्वपूर्ण सुर्खियों को प्रस्तुत किया गया है।

प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि यह 100 साल के 100 अखबारों के मुखपृष्ठ ही नहीं, बल्कि भारतीय पत्रकारिता का जीता जागता इतिहास है और पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए इसे जानना बहुत आवश्यक है। उम्मीद है कि वे इस सामग्री के माध्यम से न सिर्फ भारतीय पत्रकारिता के इतिहास परिचित होंगे बल्कि उसकी उस भूमिका को भी गहराई से समझ सकेंगे जो समय-समय पर अखबारों ने निभाई है । श्री मनोज श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह हमें ऐसे इतिहास से परिचित कराता है जो तत्सम में होने वाली घटनाओं का जीता जागता गवाह रहा है । उन्होंने सुझाव दिया कि घटनाओं की सुर्खियां तो इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित अखबारों से आ गए हैं लेकिन एक प्रयास ऐसा भी होना चाहिए जो यह बताएं कि समय-समय पर पत्रकारिता और मीडिया ने अपनी भूमिका को कैसे कैसे बदला।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
DAINIK MADHYA SWARNIM 19-08-2025

स्वदेश ज्योति

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL

### 20 से एमसीयू का तीन दिवसीय सत्रारंभ कार्यक्रम अभ्युदय का होगा आगाज

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव और कवि डॉ. विश्वास करेंगे दादा माखनलाल की प्रतिमा का अनावरण

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल



**डॉ. कुमार विश्वास का रामायण में संचार पर उद्बोधन**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के अकादमिक सत्र 2025-2026 का सत्रारंभ समारोह अभ्युदय 20, 21 एवं 22 अगस्त को आयोजित हो रहा है। सत्रारंभ के तीनों दिन अलग-अलग सत्रों में मीडिया, पत्रकारिता, साहित्य, पीआर, विज्ञापन, सिनेमा, मीडिया टेक्नॉलाजी, मीडिया प्रबंधन, कानून और संस्कृति की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी रहेगी। खास बात है कि इस अवसर पर परिसर में स्थापित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जाने-माने कवि, डॉ. कुमार विश्वास करेंगे। इस दौरान अतिथियों द्वारा परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा। डॉ. कुमार विश्वास रामायण में संचार विषय पर अपना उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम के पहले दिन तकनीकी सत्र में टाइम मैनेजमेंट गुरू विजय अग्रवाल उत्कृष्टता के लिए समय प्रबंधन' विषय पर संबोधन देंगे। इस सत्र में सुदीप सोहनी स्वतंत्र फिल्म निर्माण पर चर्चा करेंगे। इस दिन सॉफ्ट स्किल्स पर प्रख्यात स्तंभकार और लेखक एन. रघुरामन का व्याख्यान होगा साथ ही एआई इनफ्लुएंस्ड मीडिया टेक्नॉलाजी पर आशीष कुलकर्णी का उद्बोधन होगा। दूसरे दिन 21 अगस्त को मीडिया के भविष्य पर जाने-माने पत्रकार और लेखक यशवंत व्यास का उद्बोधन होगा। इसके बाद आवाज और संवाद कौशल विषय पर प्रख्यात रेडियो उद्घोषक कमल शर्मा और कला समीक्षक, विनय उपाध्याय व्याख्यान देंगे। इसके बाद वरिष्ठ संस्कृतिविद एवं अध्येयता डॉ. सच्चिदानंद जोशी का पत्रकारिता, साहित्य एवं संस्कृति पर विचार व्यक्त करेंगे। आखिरी सत्र में विज्ञापन और जनसंपर्क के विशेषज्ञ समीर कपूर का व्याख्यान होगा।

### आखिरी दिन फिल्म समीक्षा एवं फिल्मी लेखन के नए आयाम पर होगी चर्चा

अंतिम दिन 22 अगस्त को वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय फिल्म समीक्षा विषय पर एवं फिल्म निर्माता एवं लेखक विपुल के.रावल 'फिल्म लेखन के नवीन आयाम विषय पर अपने विचार रखेंगे। कंप्यूटिंग के नवीन आयाम' विषय पर चिराग जैन एवं मीडिया कानून की बारीकियों पर शिखा छिब्बर विद्यार्थियों से संवाद करेंगी। इसके बाद आखिरी सत्र में डिजिटल दौर में इलेक्ट्रानिक मीडिया' विषय पर संवाद के लिए वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह एवं बालकृष्ण मौजूद रहेंगे। प्रत्येक सत्र में मीडिया, पत्रकारिता एवं संचार के क्षेत्रों में वरिष्ठ पदों पर काम कर रहीं विश्वविद्यालय की पूर्व छात्राएं भी अपने अनुभव साझा करेंगी।

# दादा माखनलाल की12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे सीएम डॉक्टर यादव

**कवि डॉ. कुमार विश्वास का रामायण में संचार पर उद्बोधन**

## एमसीयू का तीन दिवसीय सत्रारंभ कार्यक्रम अभ्युदय 20 अगस्त से, दिग्गज विशेषज्ञ होंगे शामिल

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के अकादमिक सत्र 2025-2026 के सत्रारंभ समारोह अभ्युदय का आयोजन 20 से 22 अगस्त तक होगा। तीनों दिन अलग-अलग सत्रों में मीडिया, पत्रकारिता, साहित्य, पीआर, विज्ञापन, सिनेमा, मीडिया टेक्नॉलाजी, प्रबंधन, कानून और संस्कृति की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर परिसर में स्थापित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जाने-माने कवि, डॉ. कुमार विश्वास करेंगे। इस दौरान पौधारोपण भी किया जाएगा। कुमार विश्वास रामायण में संचार विषय पर उद्बोधन देंगे। टाइम मैनेजमेंट और एआई इनफ्लुएंस्ड मीडिया टेक्नॉलाजी पर एक्स्पर्ट टॉक के पहले दिन तकनीकी सत्र में टाइम मैनेजमेंट गुरू विजय अग्रवाल संबोधन देंगे। इस सत्र में सुदीप सोहनी स्वतंत्र फिल्म निर्माण पर चर्चा करेंगे। सॉफ्ट स्किल्स पर लेखक एन रघुरामन का व्याख्यान होगा। एआई इनफ्लुएंस्ड मीडिया टेक्नॉलाजी पर आशीष कुलकर्णी का उद्बोधन होगा।

**व्याख्यान:** 21 अगस्त को मीडिया के भविष्य पर पत्रकार यशवंत व्यास का उद्बोधन होगा। आवाज और संवाद कौशल पर रेडियो उद्घोषक कमल शर्मा और कला समीक्षक, विनय उपाध्याय व्याख्यान देंगे। डॉ. सच्चिदानंद जोशी भी अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### कंप्यूटिंग के नवीन आयाम पर विशेष सत्र

अंतिम दिन 22 अगस्त को वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय फिल्म समीक्षा विषय पर एवं फिल्म निर्माता एवं लेखक विपुल केरावल फिल्म लेखन के नवीन आयाम विषय पर अपने विचार रखेंगे। कंप्यूटिंग के नवीन आयाम विषय पर चिराग जैन एवं मीडिया कानून की बारीकियों पर शिखा छिब्बर विद्यार्थियों से संवाद करेंगी। इसके बाद आखिरी सत्र में डिजिटल दौर में इलेक्ट्रानिक मीडिया विषय पर संवाद के लिए वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह एवं बालकृष्ण मौजूद रहेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
RAJ EXPRESS 19-08-2025

# एमसीयू में डॉ. विश्वास का उद्बोधन 20 को

भोपाल. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के अकादमिक सत्र 2025-2026 का सत्रारंभ समारोह 'अभ्युदय' 20, 21 एवं 22 अगस्त को आयोजित हो रहा है। सत्रारंभ के तीनों दिन अलग-अलग सत्रों में दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी रहेगी। खास बात है कि इस अवसर पर परिसर में स्थापित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जाने-माने कवि, डॉ. कुमार विश्वास करेंगे। इस दौरान अतिथियों द्वारा परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा। डॉ. कुमार विश्वास 'रामायण में संचार' विषय पर अपना उद्बोधन देंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
PATRIKA 19-08-2025

# एमसीयू का सत्रारंभ कार्यक्रम 'अभ्युदय' कल से

भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का नया अकादमिक सत्र 2025-26 आगामी 20 अगस्त से तीन दिवसीय सत्रारंभ कार्यक्रम 'अभ्युदय' के साथ शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और प्रसिद्ध कवि डा. कुमार विश्वास परिसर में स्थापित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही परिसर में पौधारोपण भी होगा। डा. कुमार विश्वास विशेष सत्र में 'रामायण में संचार' विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के पहले दिन टाइम मैनेजमेंट गुरु विजय अग्रवाल 'उत्कृष्टता के लिए समय प्रबंधन' पर संबोधित करेंगे। इसके साथ ही सुदीप सोहनी 'स्वतंत्र फिल्म बिर्माण', स्तंभकार एन. रघुरामन 'सॉफ्ट स्किल्स' और आशीष कुलकर्णी 'एआई इन्फ्लुएंस्ड मीडिया टेक्नोलाजी' पर चर्चा करेंगे। -नप्र

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
NAVADUNIA 19-08-2025

# माखनलाल विवि में प्लेसमेंट छात्रों को नौकरी का ऑफर

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट अभियान में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विस्तार न्यूज़ , टीवी 27 न्यूज़ और आईबीसी24 ने विश्वविद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को अपने संस्थानों में कार्य करने का अवसर प्रदान किया। यह पहल छात्रों के कैरियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बल्कि बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट सेल की समन्वयक प्रो.कंचन भाटिया ने छात्रों को बधाई दी और जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में भी विश्वविद्यालय में और अधिक प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी अपने पेशेवर सफर में आगे बढ़ते रहें।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC BHOPAL
SWADESH 19-08-2025